फाइल सं. पी-11015/1/2021-पीपीसी

भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली, 21 सितंबर, 2021

विषय: अगस्त, 2021 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल हेतु सार (संख्या -8)।

अगस्त, 2021 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों/कार्यक्रमों की रूपरेखा नीचे दी गई है:-

**1. नोवेल कोरोनावायरस महामारी - (कोविड-19) और कोविड-19 टीकाकरण अभियान के संबंध में सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय लोगों की भागीदारी के साथ जन आंदोलन जागरूकता पर बल देते हुए, कोविड-19 महामारी के दौरान सूचना और जागरूकता पैदा करने में सबसे आगे रहा है ।

1.1 दूरदर्शन (डीडी), आकाशवाणी (एआईआर) और न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने **व्यापक रूप** से कोविड-19 से जुड़ी निम्नलिखित प्रमुख घटनाओं को **कवर किया**:

(i) **माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा 24.08.2021 को कर्नाटक सरकार द्वारा शुरू किए गए 'टीकाकरण भारत कार्यक्रम' का उद्घाटन।**

(ii) **माननीय प्रधान मंत्री का ट्वीट** जिसमें 27.08.2021 को लगाई गई **1 करोड़ से अधिक खुराकों की रिकॉर्ड टीकाकरण संख्या की सराहना की गई थी;**

(iii) **माननीय प्रधान मंत्री का #सबकोवैक्सीनमुफ्तवैक्सीन के तहत 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर**ने पर **दिनांक 06.08.2021** को **टीकाकरण संख्या पर ट्वीट;**

(iv) **विश्व के पहले डीएनए आधारित 'ZyCov-D' टीके के अनुमोदन के संबंध में माननीय प्रधानमंत्री का दिनांक 20.08.2021 का ट्वीट;**

(v) **29.08.2021 को कोविड-19 टीकाकरण, संस्कृत, खेलकूद आदि पर *मन की बात के* माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री का संबोधन; तथा**

(vi) **माननीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिनांक 16.08.2021 को केरल के माननीय मुख्यमंत्री के साथ केरल में कोविड-19 की प्रतिक्रिया की समीक्षा।**

1.2 लोक प्रसारक **प्रसार भारती** ने **डीडी न्यूज, आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी)** और उनकी क्षेत्रीय समाचार इकाइयों (आरएनयू) के माध्यम से विशेष कार्यक्रमों के द्वारा सरकार की कोविड-19 पहल को आगे बढ़ाया और उसका सुदृढ़ीकरण किया है। बीमारी से निपटने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों पर विशेष ध्यान देने के साथ**,** उचित कोविड **व्यवहार** का पालन करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समाचारों को प्रसारित किया है।

i) **डीडी न्यूज** ने **प्रोटोकॉल, निवारक और सुरक्षा उपायों** तथा **टीकाकरण अभियान** पर विशेष ध्यान देने के साथ समाचारों का प्रसारण और प्रसार जारी रखा। कई **विशेष कार्यक्रमों** का प्रसारण अर्थात **'डॉक्टर्स स्पीक'** पर लाइव फोन-इन के 21 एपिसोड, **'टोटल हेल्थ' के** 05 एपिसोड, सकारात्मक कहानियों पर दैनिक कार्यक्रम **'कोरोना से जंग जीतेंगे हम' के** 09 एपिसोड, **डॉक्टर्स चैट** पर साक्षात्कार आदि का प्रसारण किया, सभी का सोशल मीडिया हैशटैग **#यूनाइट2फाइटकोरोना** के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया।

ii) **एनएसडी एआईआर** ने नए बुलेटिन ओपनिंग पीएसए संदेश, कोविड-19 टीकाकरण पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न; कोविड-19 अद्यतन और संचार आदि को व्यापक कवरेज प्रदान किया; **'कोरोना जागरूकता' श्रृंखला में** शीर्ष चिकित्सा विशेषज्ञों और आम जनता के 30 लाइव फोन-इन भी प्रसारित किए गए थे।

iii) **विशेष कोविड-19 समग्र समाचार बुलेटिन; कोविड जन आंदोलन**

iv) इन्फोग्राफिक्स/ वीडियो/ विशेषज्ञ स्पीक/ इन्फोबाइट्स/ फेक न्यूज अलर्ट/ सकारात्मक कहानियां/ऑडियो प्रोमोज/वैज्ञानिक विकास/पॉडकास्ट

1.3 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने **दैनिक कोविड-19 बुलेटिन और इन्फोग्राफिक्स** जारी किए**, प्रेस ब्रीफिंग** आयोजित की**, वीडियो/वीडियो बाइट्स** प्रकाशित किए और इसकी **कोविड-19 फैक्ट चेक यूनिटों** ने गलत सूचना पर रोक **लगाई**। पीआईबी और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **8314 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की हैं और कोविड-19, टीकाकरण अभियान, आजादी का अमृत महोत्सव आदि पर **139 वेबिनार** आयोजित किए हैं। पीआईबी के 1388 ट्वीट्स (अंग्रेजी) ने 33.2 मिलियन इंप्रेशन और 24 हजार नए फॉलोअर्स अर्जित किए हैं और पीआईबी के 1259 ट्वीट्स (हिंदी) ने अगस्त 2021 में 4.34 मिलियन इंप्रेशन और 5.6 हजार नए फॉलोअर्स अर्जित किए।

1.4 लोक संपर्क और संचार ब्यूरो (बीओसी) के क्षेत्रीय/फील्ड लोक संपर्क ब्यूरो (आरओबी/एफओबी) ने **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से** कोविड-19 और टीकाकरण **अभियान के** विषयों पर **जागरूकता अभियान चलाया** जो निम्नानुसार हैं:

| **फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या** | **ट्वीट्स और री-ट्वीट्स की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ)** | **व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टरों/संदेशों/वीडियो की कुल संख्या** | **इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या** |
|---|---|---|---|
| 16152 | 48100 (1237163) | 78620 | 4955 |

1.5 एनएमडब्ल्यू द्वारा **सोशल मीडिया** पर कोविड-19 के आंकड़ों, टीकाकरण अभियान, प्रबंधन के प्रयासों, बच्चों के स्वास्थ्य पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों, व्यवहार परिवर्तन सूचना के लिए हास्य का उपयोग आदि के लिए **व्यापक कवरेज** प्रदान किया गया था। अगस्त 2021 में **समर्पित ट्विटर हैंडल @CovidNewsByMIB** से लगभग **922 ट्वीट** पोस्ट किए गए थे जिसके **208.5 हजार फॉलोअर्स हैं। दिनांक 02.09.2021 तक** इस हैंडल पर **कुल 462.9 मिलियन इंप्रेशन** और **30.7 हजार ट्वीट हैं।**

2. **आजादी का अमृत महोत्सव: भारत की आजादी के 75 साल**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने **23.08.2021 से 29.08.2021 तक** अपने **विशिष्ट सप्ताह समारोह के** तहत विभिन्न तरीकों और माध्यमों के द्वारा **'जन भागीदारी और जन आंदोलन '** की समग्र भावना के तहत **आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम)** मनाने के लिए सहक्रियात्मक और अभिनव कार्यक्रमों की एक श्रृंखला तैयार की।

2.1 दूरदर्शन और आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क पर भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर **माननीय राष्ट्रपति का राष्ट्र को संबोधन**, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा भारत के लोगों के संघर्ष और बलिदानों की याद में **14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के** रूप में घोषणा, **भारत छोड़ो आंदोलन** के प्रतिभागियों को उनका श्रद्धांजलि अर्पित करना, राष्ट्र निर्माण के लिए 'संबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, और सबका प्रयास' का आह्वान करते हुए भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस पर **लाल किला की प्राचीर से उनका भाषण** और 28.08.2021 को संग्रहालय गैलरी सहित उनके **जलियांवाला बाग** स्मारक के पुनर्निर्मित परिसर के उदघाटन को व्यापकता से कवर किया गया।

2.2 संविधान के निर्माण को दर्शाती एक ई-फोटो प्रदर्शनी **"संविधान का निर्माण"** और भारतीय सिनेमा के के 75 वर्षों को दर्शाती वर्चुअल फिल्म पोस्टर प्रदर्शनी **"चित्रंजलि@75"** का उद्घाटन संबंधित राज्य मंत्रियों की मौजूदगी में माननीय संस्कृति मंत्री सहित माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री द्वारा 27.08.2021 को किया गया जिसका सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर किया गया था। स्वतंत्रता संघर्ष पर प्रदर्शनी जो पूरा साल चलेगी, जन भागीदारी की दिशा में एक कदम है और सरकार "**अपने संविधान को जानो**" अभियान चलाएगी।

2.3 डीडी न्यूज ने **फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0** के लॉन्च का सीधा प्रसारण किया। आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में, डीडी न्यूज ने **कई विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला** माननीय प्रधान मंत्री के स्वतंत्रता दिवस का भाषण **नामत:** ***'हम है प्रतिबद्ध'***, विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों और सफलता की कहानियों को प्रदर्शित करने के लिए ***'नए भारत का सफर'*** भारत के स्वतंत्रता संग्राम को कवर करने वाली अभिलेखीय सामग्री पर **'डीडी दस्तावेज'** का प्रसारण किया। स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को प्रदर्शित करने के लिए डीडी न्यूज और डीडी इंडिया पर विशेष खंड ***'आजादी का सफर'*** और ***'स्वतंत्रता की गाथा'*** का प्रसारण किया जा रहा है। **भारत छोड़ो आंदोलन**, **'नए भारत की यात्रा: कूटनीति'** आदि पर विशेष कार्यक्रम प्रसारित किए गए और सरदार पटेल और नेताजी के भाषणों से **आवाज उद्धरणों के साथ लघु स्पॉट** भी प्रसारित किए जा रहे हैं।

2.4 आकाशवाणी ने 16.08.2021 से सभी प्राइम टाइम न्यूज बुलेटिन पर एक अनूठा दैनिक कार्यक्रम, **"आजादी का सफर, आकाशवाणी के साथ" -** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में आज - कार्यक्रम का शुभारंभ किया और क्रमश: 16.08.2021 और 05.08.2021 को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय **'अमृत महोत्सव विषय प्रश्नोत्तरी'** -75 एपिसोड का आयोजन किया। **स्वतंत्रता दिवस विशेष श्रृंखला** और **साक्षात्कार श्रृंखला** भी 01.08.2021 से 14.08.2021 तक आयोजित की गई थी। **विशिष्ट सप्ताह के** दौरान, **आकाशवाणी द्वारा** कई **विशेष लघु साप्ताहिक कार्यक्रमों** का **शुभारंभ किया गया**, जैसे कि धरोहर, अपराजिता, निशान, द अनसंग हीरोज, आजादी के तराने, आजादी का अमृत महोत्सव सीरीज: फ्लैगशिप कार्यक्रम आदि।

2.5 विशिष्ट सप्ताह समारोह की एक विशेषता **आइकॉनिक फिल्मों की स्क्रीनिंग है।** डीडी नेटवर्क ने 'नेताजी', 'रियासतों का विलय' आदि जैसी **वृत्तचित्रों** की एक श्रृंखला और 'राज़ी' जैसी लोकप्रिय भारतीय फिल्मों का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) ने **अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म** www.cinemasofindia.com पर 'आइलैंड सिटी', 'क्रॉसिंग ब्रिज' आदि जैसी विशेष रूप से सृजित की गई फिल्मों की स्क्रीनिंग **पर** एक **फिल्म समारोह का** आयोजन किया। बाल चित्र समिति, भारत (सीएफएसआई) ने **देश** भर में गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर लगभग **1334** बच्चों के लिए **3 देशभक्ति फिल्मों की ऑनलाइन स्क्रीनिंग** आयोजित **की।**

2.6 फिल्म प्रभाग ने 08.08.2021 को **भारत छोड़ो आंदोलन की 79वीं वर्षगांठ पर फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग का** आयोजन किया (**3192** दर्शक संख्या) और **'आजादी का अमृत महोत्सव फिल्म महोत्सव' में** 15.08.2021 से 17.08.2021 तक स्वतंत्रता संग्राम पर **20 फिल्मों की स्क्रीनिंग** (**12875** दर्शक संख्या) अपनी वेबसाइट पर और यूट्यूब चैनल पर की। विशिष्ट सप्ताह समारोह, के तहत **दो फिल्म समारोह** अर्थात 'प्रगति की एक यात्रा' (3810 दर्शक संख्या) और "भारत के रत्न" (1618 दर्शक संख्या) की 23 से 29 अगस्त के बीच और फिल्म निर्माण में तकनीकी प्रगति पर भी **एक बेविनार** आयोजित किया गया।

2.7 फिल्म समारोह निदेशालय (डीएफएफ) ने **भारत में अन्य देशों के विभिन्न दूतावासों में फिल्मों की** स्क्रीनिंग के लिए विदेश मंत्रालय के साथ सहयोग किया। राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (एनएफएआई) ने 23.08.2021 से 29.08.2021 तक अपनी वेबसाइट पर **क्लासिक सिनेमा पर एक लाइव वर्चुअल फिल्म पोस्टर प्रदर्शनी** आयोजित की। फिल्म्स विंग द्वारा कई अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों जैसे फिल्म छात्रों के लिए ऑनलाइन इंटरएक्टिव सत्र, वेबिनार आदि का आयोजन किया।

2.8 इस विशिष्ट सप्ताह के दौरान, बीओसी ने **88 एकीकृत संचार और लोकसंपर्क कार्यक्रमों (आईसीओपी),** लोक संचार प्रभाग के माध्यम से **1016 सांस्कृतिक कार्यक्रमों**, 500 से अधिक समाचार पत्रों और कई प्राइवेट क्षेत्रीय टीवी चैनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में **भारत का अमृत महोत्सव** पर गतिविधियों के कवरेज के माध्यम से लोगों तक पहूंच बनाई । बीओसी के आरओबी ने देश भर में विभिन्न स्थानों पर **फ्रीडम वॉक** / **फिट इंडिया फ्रीडम रन का** आयोजन किया। इन गतिविधियों में गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया जैसे कि राज्यपाल, उपराज्यपाल और केंद्रीय एवं राज्य मंत्री। बीओसी ने देश भर के 1700 समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में **आधे पृष्ठ का रंगीन प्रिंट विज्ञापन** भी जारी किया, जिसमें **पहली बार किसी वीडियो को क्यूआर कोड के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था।** बीओसी ने **'मेकिंग ऑफ द कॉन्स्टीट्यूशन' पर** एक **ई-बुक** भी लॉन्च की जो इसकी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

2.9 **'संकल्पित भारत सशक्त भारत'** और 'समावेशी विकास सार्वभौमिक सुरक्षा' विषयों पर **न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)** के अगस्त 2021 पाक्षिक संस्करण 13 भाषाओं में मुद्रित किए गए और बीओसी द्वारा देश भर में वितरित किए गए। माई गॉव इंडिया के ई- संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ईमेल के माध्यम से एनआईएस के ई-संस्करण 65 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजे गए।

2.10 प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) ने दिनांक 20.08.2021 से 04.09.2021 के बीच कोलकाता, मुंबई, तेलंगाना, बिहार और दिल्ली **मुख्यालय** में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, आधुनिक भारत के निर्माता आदि पर **पुस्तकों** को **प्रदर्शित** करने वाली **प्रदर्शनियों का** आयोजन किया। माई गाव प्लेटफॉर्म पर बच्चों के लिए चित्रकला **प्रतियोगिता** और **पुस्तक आवरण डिजाइन प्रतियोगिता** का भी आयोजन किया गया जिसमें उन्हें पुरस्कार भी प्रदान किए गए। डीपीडी की पत्रिकाओं में विशेष लेखों के अलावा, सोशल मीडिया हैंडल **पर जनजाति स्वतंत्रता सेनानियों पर पोस्ट की** एक **विशेष श्रृंखला** चलाई गई। एनएमडब्ल्यू द्वारा तैयार किए गए **ग्राफिक्स** को एमआईबी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया गया।

3 **टोक्यो ओलंपिक** और **पैरालंपिक 2020 में भारत की उपलब्धियां**

3.1 **टोक्यो ओलंपिक 2020 के भारतीय दल की** भारत के माननीय राष्ट्रपति और माननीय प्रधानमंत्री द्वारा **मेजबानी, टोक्यो ओलंपिक 2020** और **टोक्यो पैरालंपिक 2020 के पदक विजेताओं को प्रधानमंत्री की बधाई, दिनांक 17.08.2021 को टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेल के भारतीय पैरा-एथलीट भागीदारों के साथ उनकी बातचीत,** खेल रत्न पुरस्कार का नाम **मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार में बदलने की घोषणा** को डीडी न्यूज और एनएसडी आकाशवाणी पर व्यापक रूप से कवर किया गया। निम्नलिखित सहित कई विशेष कार्यक्रम प्रसारित किए गए:

i. कई यूट्यूब चैनलों और न्यूजऑनएआईआर ऐप के अलावा, डीडी स्पोर्ट्स और आकाशवाणी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर **ओलंपिक जीत** की **सुलभ और लाइव कवरेज** प्रसारित की गई थी । प्रसार भारती ने **14 सांकेतिक भाषा कलाकारों** जिन्होंने 240 घंटे के ओलंपिक लाइव कवरेज को सांकेतिक भाषा में प्रस्तुत किया और 16 आकाशवाणी कमेंटेटरों को विभिन्न ओलंपिक आयोजनों के लिए हायर किया। **उद्घाटन और समापन समारोह** का सीधा प्रसारण किया गया और शीर्ष भारतीय खेल हस्तियों, आत्मकथाओं आदि के साथ विशेष **वर्चुअल कॉन्क्लेव** का आयोजन किया गया।

ii. डीडी न्यूज ने ओलंपिक और पैरालंपिक दल के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत पर विशेष कार्यक्रम प्रसारित किया। ***'सुपर सेवन ऑफ इंडिया'*** विशेष कार्यक्रम डीडी इंडिया पर प्रसारित किया गया था, जिसमें डीडी न्यूज पर प्रसारित उनके **विशेष साक्षात्कार के** अलावा, टोक्यो ओलंपिक 2020 के सभी पदक विजेता शामिल थे । पैरालंपिक को सभी शो और बुलेटिन में बड़े पैमाने पर कवर किया गया है। टोक्यो में भारत की उपलब्धियों पर **डेली स्पोर्टस्कैन** का प्रसारण एनएसडी: आकाशवाणी द्वारा किया गया।

3.2 माननीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री और युवा मामले एवं खेल मंत्री द्वारा ***'सेटिंग द स्टेज फॉर इंडियाज गोल्ड क्वेस्ट'*** शीर्षक से लिखित एक **विशेष लेख** पीआईबी द्वारा शुरू किया गया है और देश भर के समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया।

3.3 बीओसी के आरओबी/एफओबी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से ओलंपिक की भावना को प्रदर्शित करने के लिए एक **व्यापक मीडिया अभियान** चलाया, जो निम्नानुसार है:

| फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | ट्वीट्स और री-ट्वीट्स की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | व्हाट्सएप पर प्रसारित गीतों/ नारों/वीडियो/प्रश्नोत्तरी और साक्षात्कार की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 4968 | 10196(125654) | 6917 | 1806 |

3.4 एनएमडब्ल्यू द्वारा तैयार किए गए **#चीयर4इंडिया** अभियान से संबंधित **ग्राफिक्स** और **वीडियो** एमआईबी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए गए।

4. माननीय उपराष्ट्रपति के कार्यालय में चौथे वर्ष के दौरान गतिविधियों पर डीपीडी द्वारा प्रकाशित पुस्तक **'रिफ्लेक्टिंग, रिकलेक्टिंग, रिकनेक्टिंग'** की पहली प्रति सूचना और प्रसारण मंत्री द्वारा दिनांक 27.08.2021 को माननीय राष्ट्रपति महोदय को प्रस्तुत की गई।

5. सफल यात्रा वृतांत **'रग रग में गंगा'** के दूसरे सीजन का अनावरण माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, माननीय जल शक्ति मंत्री और माननीय जल शक्ति राज्य मंत्री द्वारा किया गया। इस मौके पर बताया गया कि 'रग रग में गंगा ' के सीजन 1 को 1.75 करोड़ लोगों ने देखा। 26 एपिसोड के यात्रा वृतांत के दूसरे सीजन का प्रसारण दिनांक 21.08.2021 से राष्ट्रीय दूरदर्शन पर प्रसारित किया जा रहा है।

6. माननीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री ने दिनांक 29.08.2021 को मैसूर में **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस) का उद्घाटन किया**। उन्होंने यह भी कहा कि सामुदायिक रेडियो "जनता के द्वारा, जनता का, जनता के लिए" का आदर्श उदाहरण है।

7. **सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 -** शिकायत निवारण तंत्र के हिस्से के रूप में, मंत्रालय ने समाचार के प्रकाशकों और डिजिटल मीडिया पर समसामयिक मुद्दों एवं ऑनलाइन सृजित सामग्री के प्रकाशक द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों की जांच के लिए **दो स्तर-II स्व-नियामक निकाय पंजीकृत** किए हैं। भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के सहयोग से नियमों पर जागरूकता पैदा करने के लिए दिनांक 18.08.2021 को एक **वेबिनार** आयोजित किया गया, जिसमें 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया। "जागरूकता पहलें और डिजिटल मीडिया आचार संहिता पर वेबिनार" शीर्षक से एक **पुस्तिका** मुद्रित की गई है, जिसमें इन वेबिनार से महत्वपूर्ण जानकारी और सीख मिलती है, जिसे वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

8. डीडी न्यूज और एनएसडी:आकाशवाणी ने दिनांक 02.08.2021 **को ई-रूपी डिजिटल भुगतान समाधान**, दिनांक 10.08.2021 को उत्तर प्रदेश में **उज्ज्वला 2.0** और माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 13.08.2021 को **वाहन परिमार्जन नीति,** 20.08.2021 **को सोमनाथ में उनके द्वारा कई परियोजनाओं** का उद्घाटन, गुजरात (03.08.2021), उत्तर प्रदेश (05.08.2021) और मध्य प्रदेश (**07.08.2020)** में **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के लाभार्थियों के साथ** उनकी **बातचीत**। 12.08.2021 को 'आत्मनिर्भर नारी शक्ति से संवाद' में **महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ** उनकी **बातचीत**, और 11.08.2021 **को भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) की वार्षिक बैठक 2021** और 13.08.2021 **को गुजरात में निवेशक शिखर सम्मेलन में** उनके **संबोधन को लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान किया गया।** डीडी न्यूज ने नव नियुक्त केंद्रीय

मंत्रियों की **जन आशीर्वाद यात्रा** को व्यापक रूप से कवर किया। डीडी न्यूज और डीडी इंडिया ने **अफगानिस्तान में बदलती स्थिति** पर नवीनतम अपडेट प्रसारित किए और विशेष रूप **से भारतीय समुदाय** की **वापसी**, **ऑपरेशन देवी शक्ति**, **गुरु ग्रंथ साहिब** की **तीन प्रतियों को** वापस लाने आदि को कवर किया।

9. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहलें-**

- **प्रसार भारती ने उल्लेखनीय यूट्यूब सब्सक्राइबर हासिल किये:** डीडी नेशनल के बाद, डीडी न्यूज ने अपने यूट्यूब चैनल पर 4 मिलियन सब्सक्राइबर्स को पार कर लिया। 2017 और 2021 (अब तक) के बीच, दूरदर्शन और आकाशवाणी ने न्यूज और जनरल इंफोटेनमेंट दोनों में कुल मिलाकर अकेले यूट्यूब पर 15 मिलियन से अधिक डिजिटल सब्सक्राइबर जोड़े हैं, जो 1.73 करोड़ (17.3 मिलियन) के वर्तमान सब्सक्राइबर आधार तक पहुंच गया है।

- इस महीने के दौरान बीओसी **ने अपना खुद का यूट्यूब चैनल शुरू किया है।** बीओसी के ट्विटर हैंडल ने अगस्त, 2021 में **5 लाख इंप्रेशन** दर्ज किए।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):**
  - **तीन (03) सीआरएस** ने अगस्त, 2021 में परिचालन शुरू कर दिया है।
  - मंत्रालय ने महीने के दौरान **(02) अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं** और छह (06) जीओपीए **का नवीनीकरण किया है** ।
  - "भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन का समर्थन" नामक योजना के तहत एक **जागरूकता कार्यशाला वेबिनार** आयोजित की गई है।

- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस महीने के दौरान प्राइवेट टीवी चैनलों को कोई अनुमति जारी नहीं की है। मंत्रालय ने इस महीने के दौरान 02 गैर-समाचार और समसामयिक टीवी चैनलों की अनुमति रद्द कर दी है। दिनांक 31.08.2021 तक भारत में अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग किये जाने वाले प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **912** है।

- **भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय (आरएनआई):** अगस्त 2021 में **616** शीर्षक सत्यापन पत्र और **96** पंजीकरण प्रमाण पत्र (नए और संशोधित) जारी किए गए।

- **एमआईबी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म:** दिनांक 02.09.2021 की स्थिति के अनुसार अधिकारिक एमआईबी अंग्रेजी ट्विटर हैंडल **@MIB_India के 1.3 मिलियन फॉलोअर्स**, एमआईबी हिन्दी ट्विटर हैंडल **@MIB_Hindi** के **74.2 हजार फॉलोअर्स**, फेसबुक पेज के **1.36 मिलियन फॉलोअर्स**, यूट्यूब के 181 हजार सब्सक्राइवर्स और इंस्टाग्राम के 214 हजार फॉलोअर्स हैं।

(विक्रम सहाय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष # 23073775